## खबर संक्षेप

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईव्हीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थिति ईव्हीएम वेयर हाउस का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग सहित अन्य राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि विष्णुप्रताप सिंह, अरफाना सेख, निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय खरे, जीके पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### राज्यपाल ने काजल को स्वर्ण पदक से किया सम्मानित



**शहडोल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल में आयोजित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में वार्ड नंबर 5 सोहागपुर जिला शहडोल निवासी सुश्री काजल जायसवाल पिता बृजेंद्र प्रसाद जायसवाल को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की वर्ष 2024-25 की मास्टर ऑफ लॉ परीक्षा में एवं विधि संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में स्वर्ण पदक एवं सम्मान प्रमाण पत्र से सम्मानित किया एवं उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### तालाब में तैरता मिला बुजुर्ग का शव, गांव में सनसनी

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के दरौंडी गांव में सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब गांव के तालाब में 70 वर्षीय बुजुर्ग दद्दा सिंह गोड का शव तैरता मिला। परिजनों के अनुसार, बुजुर्ग रविवार शाम करीब 5 बजे शौच के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक नहीं लौटे। परिजनों ने रातभर तलाश करने के बाद पुलिस को सूचना दी थी। सुबह ग्रामीणों ने तालाब में शव देखा और पुलिस को खबर दी। स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकाला गया। पुलिस का मानना है कि संभवतः शौच के दौरान पानी निकालते समय बुजुर्ग तालाब में गिर गए और डूबने से उनकी मौत हुई। हालांकि, गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस ने मामला संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न

**शहडोल।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती प्रभा मिश्रा की उपस्थित में जिला पंचायत के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती प्रभा मिश्रा एवं जिला पंचायत सदस्यों की सहमति से गौवंश की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में गोठान एवं चरनोई की आबंटित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसी भूमि में गौवंश के लिए स्थाई बाड़ा बनाना एवं ग्राम पंचायत निधि से 4-4 चारवाहे नियुक्त करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह ने जिले में शासन द्वारा संचालित योजना के माध्यम से किये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की भी विस्तृत जानकारी दी । इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती फूलवती सिंह, जिला पंचायत के सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## जनता को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं

# नगर पालिका बनी बगैर राजा की फौज, जनता बेहाल



### टूटी सडक़ और गंदगी की तस्वीरें वायरल हो रही वॉयरल

**शहडोल।** शहडोल नगर पालिका परिषद की दुर्दशा अब जनता के सब्र का इम्तिहान लेने लगी है। शहर की लगभग हर गली-मोहल्ले की सडक़ें जर्जर हो चुकी हैं। झूला पुल से पुलिस लाइन तक का मार्ग इतना टूटा पड़ा है कि वाहन से गुजरते ही लोगों के शरीर में दर्द शुरू हो जाता है। आश्चर्य यह कि इस मार्ग पर जिले के बड़े अधिकारियों के बंगले हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन और जिम्मेदार नेताओं ने चुप्पी साध रखी है।जिला मुख्यालय की नगर पालिका परिषद बगैर राजा की फौज की तर्ज पर चल रही है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला पर आरोप है कि वे महीने में मुश्किल से 8 से 10 दिन ही दफ्तर में बैठते हैं। शेष समय वे या तो अवकाश पर रहते हैं या भोपाल व संभागीय मुख्यालय में व्यस्त पाए जाते हैं। जनता का कहना है कि नगर पालिका पूरी तरह बेलगाम हो चुकी है। टूटी-फूटी सडक़ें, गंदगी से भरी नालियां और बिगड़ी सफाई व्यवस्था इसका जीता-जागता सबूत हैं। झूला पुल से लेकर पुलिस लाइन तक की पूरी सडक़ खस्ताहाल है। छोटे-बड़े गड्ढों से भरी इस सडक़ पर वाहन चालक जैसे ही गुजरते हैं, उनके शरीर में झटके लगते हैं और दर्द शुरू हो जाता है। आश्चर्य की बात यह है कि इस सडक़ पर चिकित्सक, कमिश्नर, न्यायाधीश, जिला पंचायत सीईओ, डीआईजी और अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों व व्यापारियों के बंगले स्थित हैं। बावजूद इसके, सभी जिम्मेदार लोग मौनी बाबा बने हुए हैं।

### जनसुनवाई में नदारद सीएमओ

बीते 25 से 30 जनसुनवाई के दौरान सीएमओ मात्र 2 से 4 बार ही दफ्तर में उपस्थित रहे। नतीजा यह कि छोटे-छोटे कामों के लिए नागरिकों को हफ्तों नगर पालिका के चक्कर काटने पड़ते हैं। भाजपा पार्षदों ने भी नगर पालिका की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि जिले की सबसे बड़ी नगर पालिका होने के बावजूद यहां जनता को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। जनता अब अपनी आवाज सोशल मीडिया पर दर्ज करा रही है। टूटी सडक़ों और गंदगी की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। लोग लिख रहे हैं कि नगर पालिका पूरी तरह जवाबदेही से मुक्त हो चुकी है।

### कांग्रेस परिषद और भाजपा नेता दोनों लापता

नगर पालिका परिषद में कांग्रेस की सरकार है, लेकिन जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह चुप्पी साधी गई है। न तो परिषद स्तर पर ठोस निर्णय लिए जा रहे हैं और न ही जमीनी सुधार की कोशिशें दिख रही हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता और पदाधिकारी भी इस मुद्दे पर सडक़ों पर उतरते नजर नहीं आते। वार्ड नंबर 13 की पार्षद पर तो आरोप है कि चुनाव जीतने के बाद से वह अब तक अपने मतदाताओं के बीच नहीं पहुंचीं। जनता का कहना है कि पार्षदों और नेताओं की चुप्पी ने शहर की समस्याओं को और गहरा दिया है।

### गड्ढों में तब्दील सडक़ें और मौन प्रशासन

शहर की लगभग हर वार्ड की सडक़ें खराब हो चुकी हैं। कहीं धूल उड़ रही है, तो कहीं बारिश का पानी गड्ढों में भरकर दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहा है। गंदगी और दुर्दशा के बीच जनता का जीना मुश्किल हो गया है। नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन आंख मूंदे बैठा है और संभागीय मुख्यालय के अधिकारी भी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे। सवाल यह है कि जब बड़े-बड़े अधिकारी रोजाना इन्हीं टूटी सडक़ों से गुजरते हैं, तब भी अगर सुधार की कोशिश नहीं होती, तो आमजन की सुनवाई कौन करेगा?

### सोशल मीडिया में खोला मोर्चा

नगर पालिका परिषद शहडोल की बदहाली अब आमजन के लिए असहनीय हो चुकी है। टूटी-फूटी सडक़ों, गंदगी और गैरजिम्मेदार अधिकारियों की वजह से शहर का हाल दिन-ब-दिन बिगड़ता जा रहा है। जनता सोशल मीडिया पर मोर्चा खोल चुकी है, लेकिन जिम्मेदारों की चुप्पी सवालों के घेरे में है। अगर जल्द ही नगर पालिका की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो जनता का यह आक्रोश सडक़ों पर उतरकर बड़ा आंदोलन भी बन सकता है।

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर निकाली विद्यार्थियों ने निकाली रैली



**शहडोल।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर साक्षरता के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से संभागीय मुख्यालय शहडोल के जिला महिला समिति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियो ने विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली को अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में भाग लेने वाले विद्यार्थियों द्वारा पढ़ेगा भारत, बढेगा भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत के नारे लगा रहे थे। उनके हाथों में बैनर थे, जिनके माध्यम से साक्षर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा का धन सबसे न्यारा कभी न होता इसका बटवारा, विकसित राष्ट्र की यही कल्पना शिक्षित पूरे देश को करना। जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमती सावित्री सोनी ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का लक्ष्य 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे वयस्क जिन्होंने औपचारिक शिक्षा प्राप्त नही की उन्हें साक्षर करना है। इस अवसर पर जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमती सावित्री सोनी, डाइट प्राचार्य श्रीमती अभिलाषा मिश्रा सहित अन्य शिक्षक, समाजिक कार्यकर्ता, एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक करें निराकरणः कलेक्टर

### कलेक्टर ने समयावधि पत्रो की समीक्षा की



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रो की समीक्षा की तथा पत्रों का जवाब समय-सीमा में देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की मानीटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा उन शिकायतों के निराकरण के जवाब संबंधित एल-1 अधिकारियों के माध्यम से दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें कम संख्या में हैं, उन विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी शत-प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। यह भी ध्यान रखा जाए कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेट नहीं रहें। आंशिक रूप से दर्ज शिकायतों के निराकरण निम्नगुणवत्ता वाला नहीं रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। इसी तरह आपने अन्य विभागों के अधिकारियों जहां लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सिटिजन चार्टर लागू है तथा समय-सीमा के भीतर सेवाएं प्रदाय की जानी है को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग समय-सीमा के भीतर सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, अतिरिक्त मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संस्कृत एवं संगीत विभाग के संयुक्त आयोजन में भजनों की गूंज



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में कुलगुरु महोदय के आदेशानुसार संगीत विभाग द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई। इस अवसर पर हुए गीत एवं भजन की प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया और श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश प्राकट्योत्सव से जुड़े भजनों, राम स्तुति, हनुमान स्तुति, कृष्ण स्तुति तथा मंत्रोच्चार से हुई। गणेश पूजन और आरती संस्कृत विभाग के छात्र-छात्राओं ने संपन्न की। विभागाध्यक्ष प्रो. ने तबला वादन प्रस्तुत कर कार्यक्रम में विशेष रंग भरा, वहीं प्राध्यापकों ने सामूहिक गायन में भाग लिया। इस मौके पर छात्र अनुराग तिवारी, शुभम द्विवेदी, मनोज तिवारी, राहुल द्विवेदी, रुक्मणीकांत शुक्ला, गौरव उपाध्याय और शिवनारायण शुक्ला ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।संगीत विभाग से डॉ. संजीव द्विवेदी, कृष्णा साहू और शिवांश दुबे की प्रस्तुतियों ने खूब सराहना पाई। संस्कृत विभाग से प्रो. विनोद कुमार शर्मा, डॉ. बृजेंद्र कुमार पांडे, डॉ. धानी जामोद, डॉ. सागर कुमार पांडे, डॉ. दिनेश मिश्र, जयप्रकाश द्विवेदी और अरुण त्रिपाठी गरिमामयी रूप से उपस्थित रहे। संयोजन और संचालन गरिमामय वातावरण में हुआ और यह आयोजन संस्कृत एवं संगीत विभाग के सहयोग का अनुपम उदाहरण बन गया।

## तहसीलदार के खिलाफ वकीलों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी



**शहडोल।** जिला मुख्यालय के सोहागपुर तहसीलदार सुमित गुर्जर पर अधिवक्ता के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगा है। घटना 4 सितंबर की शाम करीब 6 बजे तहसील कार्यालय में हुई, जिसके बाद से अधिवक्ता समुदाय में गहरा रोष व्याप्त है। जिला अधिवक्ता संघ शहडोल ने इस प्रकरण को अत्यंत निंदनीय बताते हुए तहसीलदार को तत्काल पद से हटाने और उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता रवीन्द्र जायसवाल धारा 115, 116 बीएनएसएस के आरोपी की जमानत कराने तहसीलदार के न्यायालय पहुंचे थे। तहसीलदार ने पहले आवश्यक कार्य का हवाला देकर इंतजार करने को कहा, लेकिन देर शाम जब वे लौटे और अधिवक्ता ने इस पर आपत्ति जताई तो मामला गरमा गया। आरोप है कि तहसीलदार सुमित गुर्जर भडक़ गए, दरवाजे की सिटकनी बंद कराई और रवीन्द्र जायसवाल को मां-बहन की गालियां देते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की। शोरगुल सुनकर अधिवक्ता आशुतोष द्विवेदी, आशुतोष चतुर्वेदी और पुष्पेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इसी दौरान तहसीलदार ने धमकी दी कि आज तो वकीलों ने बचा लिया, लेकिन किसी दिन अकेले में मिलोगे तो जान से खत्म कर दूंगा। घटना की जानकारी अधिवक्ताओं ने तत्काल कलेक्टर शहडोल को दी, लेकिन अब तक तहसीलदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि दोषी तहसीलदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो, वकील समुदाय आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### राष्ट्रीय पोषण सप्ताह कार्यक्रम सम्पन्न

## छः माह तक नवजात शिशु को पिलाएं सिर्फ मॉ का दूध- अधिष्ठाता



**शहडोल।** बिरसा मुण्डा चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ गिरीश बी रामटेके ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य असंतुलित खान पान से दूर करने एवं पोषण आहार के प्रति लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि दैनिक आहार मे अनियमितता के कारण डायबिटीज, हायपरटेन्सन जैसी बीमारियां होती हैं। अधीक्षक एवं संयुक्त संचालक डॉ नागेन्द्र सिंह द्वारा खराब खाने से होने वाली पेट से सम्बंधित बीमारियो की जानकारी दी गई। पोषण सप्ताह में महाविद्यालय के एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा बच्चे के पोषण, संतुलित आहार एवं उनकी कमी से होने बाली बीमारियों की भी जानकारी दी गई है। डॉ निशान्त प्रभाकर द्वारा बताया गया कि बच्चे को शुरू के छः महीने सिर्फ मां का दूध का ही सेवन कराना चाहिए एवं उसके बाद पूरक आहार शुरू करना है जरूरी है। इस अवसर पर डॉ खराट, डॉ.सिन्हा एवं उप अधीक्षक डॉ.विक्रांत कबीर पंथी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ईव्हीएम गोदाम का किया निरीक्षण



**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होने सीयू कक्ष,बीयू कक्ष का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया सहित,एसडीएम बांधवगढ कमलेष नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से धनुषधारी सिंह, विजय कोल,राजीव सिंह, वीरेन्द्र सिंह,केशव वर्मा, मिथिलेश राय,प्रदीप रजक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कोदो की खराब फसल को नष्ट करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कोदो की खराब फसल को नष्ट करने के निर्देश दिए है। उन्होंने वन विभाग,राजस्व विभाग तथा कृषि विभाग से कहा कि अपने क्षेत्रांतर्गत भ्रमण करे,एवं किसानो को समझाईश दें कि खराब कोदो की फसल को जानवरों से दूर रखें और स्वयं नष्ट करें,ताकि किसी भी प्रकार की पशु हानि से बचा जा सके।उन्होने वन विभाग को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में हाथियों की मूवमेंट है, वहां पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होने उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं से कहा कि कोदो को ग्रहण करने से बीमार हुए जानवरों को समय रहते समुचित उपचार मुहैया कराएं, ताकि किसी भी प्रकार की पशु हानि होने से रोका जा सके।
बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, ज्वाइंट कलेक्टर रीता डहेरिया,एसडीएम मानपुर टी आर नाग,एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### हाईकोर्ट से नहीं मिली आरोपी पक्ष को राहत, अब जेल की हवा खाएंगे आरोपी

# दहेज लोभियों का काला चेहराः पत्नी को बनाया ज़ुल्म का शिकार

#### ब्यौहारी पुलिस का बड़ा एक्शन, बढ़ाई गई धाराएं, गिरफ्तारी तय

**शहडोल।** दहेज की कुप्रथा ने एक और बेटी की जिंदगी को नर्क बना दिया। सांची सोनी नाम की पीड़िता ने पति और ससुराल पक्ष पर कार व 5 लाख रुपये की मांग, सात साल तक प्रताडऩा, तीन बार जबरन गर्भपात, मारपीट और कैद जैसे अमानवीय अत्याचारों के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अदालत से जमानत खारिज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी अब तय मानी जा रही है। दहेज जैसी अमानवीय कुप्रथा ने फिर एक बेटी की जिंदगी को नरक बना दिया है।
फरियादिया सांची सोनी पति राहुल सोनी उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 3 सोहागपुर, हाल मायका वार्ड नं. 11 बिछिया मोहल्ला, ब्यौहारी ने अपने पति राहुल सोनी, सास क्षमता सोनी, ससुर राजकुमार सोनी, देवर रोहित सोनी एवं ननद जया सोनी के खिलाफ पुलिस में दिल दहला देने वाली शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने अपने आवेदन में विस्तार से लिखा है कि शादी 29 अप्रैल 2018 को सोहागपुर निवासी राहुल सोनी से हुई थी। विवाह में उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से कहीं बढक़र 3,51,000 नगद, 15 तोले सोना, 3 किलो चांदी, टीवी, फ्रिज, पलंग, आलमारी व अन्य गृहस्थी का पूरा सामान दिया। इसके बावजूद ससुराल पक्ष कभी संतुष्ट नहीं हुआ। शादी के चंद दिनों बाद से ही कार और नगद 5 लाख की मांग शुरू हो गई।

#### सात साल से जारी प्रताडऩा

पीड़िता के अनुसार पति व ससुरालजन आए दिन ताने मारते, गालियां देते और मारपीट करते थे। सोने-चांदी के जेवर छीन लिए गए और यहां तक कि तीन बार जबरन गर्भपात भी कराया गया। एक बार लोहे की पाइप से हमला कर सिर फोड़ दिया, जिससे पीड़िता का भोपाल एम्स अस्पताल में ऑपरेशन कराना पड़ा। जब भी प्रताडऩा बढ़ती, पीड़िता के पिता व परिजन समझौते की कोशिश करते, लेकिन आरोपी पक्ष हर बार अपने वादे तोड़ता रहा। 2018 से लेकर 2025 तक पति राहुल सोनी का कई जिलों में ट्रांसफर हुआ, नरसिंहपुर, भोपाल और खंडवा। हर जगह पीड़िता को मारपीट और कैद जैसी स्थिति में रखा गया। भोपाल में तो कमरे में ताला लगाकर घंटों बंद किया जाता था और कैमरा लगाकर उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती थी। प्रताडऩा की पराकाष्ठा यह रही कि गर्भपात के बाद भी पीड़िता को मारपीट और धमकियों से नहीं छोड़ा गया।



#### खंडवा में ताज़ा वारदात

पीड़िता ने बताया कि अप्रैल 2025 से पति और ससुराल वाले रोजाना कार व नगद 5 लाख की मांग कर रहे हैं। 1 से 2 मई की रात उसे बुरी तरह पीटा गया, नाक और मुंह से खून बह निकला। पिता और परिजन खंडवा पहुंचे तो, उन्होंने पीड़िता की हालत देखकर 100 डायल की मदद ली। भयभीत पीड़िता अंततः अपने मायके ब्यौहारी लौट आई और थाना ब्यौहारी में सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई।

#### पुलिस की सख्त कार्यवाही

थाना ब्यौहारी ने प्रकरण दर्ज कर धारा 85, 296, 115, 351(3), 3(5) बीएनएस और 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। शुरू में भ्रूण हत्या की धारा नहीं लगाई गई थी, लेकिन विवेचक वीरेन्द्र तिवारी ने चर्चा के दौरान स्पष्ट किया कि अब धाराएं बढ़ा दी गई हैं और संभवतः पुलिस शीघ्र ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

#### जमानत में नाकामी, अब गिरफ्तारी तय

आरोपी पक्ष ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पहले ब्यौहारी न्यायालय और फिर उच्च न्यायालय तक अग्रिम जमानत की कोशिश की, लेकिन कहीं से कोई राहत नहीं मिली। अब पुलिस के पास खुली छूट है और कानून का शिकंजा इन दहेज लोभियों पर कसने ही वाला है। यह मामला दहेज जैसी घृणित प्रथा की क्रूर सच्चाई को उजागर करता है। एक ओर सरकार और समाज दहेज उन्मूलन की बात करता है, वहीं दूसरी ओर इस लालच ने एक बहू को सात साल तक लगातार प्रताड़ित किया। दहेज कानून के बावजूद ऐसे मामले इस बात का सबूत हैं कि समाज में अभी भी लोभ और कुप्रथा का बोलबाला कायम है।

## राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ कार्यक्रम के अंतर्गत 6वां अंतरराष्ट्रीय नीले आसमान के लिए स्वच्छ वायु दिवस का आयोजन सभागार कक्ष जिला चिकित्सालय उमरिया में किया गया। डॉक्टर मुकुल तिवारी जिला नोडल अधिकारी ने बताया कि जलवायु परिवर्तन का मानव जीवन पर सीधा असर पड़ता है। इसलिए लोगों को अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाना चाहिए और स्वच्छ ईंधन का उपयोग करना चाहिए। वायु को स्वच्छ रखने के लिए अपने दैनिक जीवन में साइकिल या पब्लिक ट्रांसपोर्टेशन का उपयोग करना चाहिए। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ कार्यक्रम जिला उमरिया पर कॉलेज के छात्र छात्रा, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग ऑफिसर का उन्मुखीकरण व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।साथ ही रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनपीसीसीएचच जिला नोडल अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी, डीपीएचएनओ श्रीमती अनुराधा पटेल, जिला डाटा मैनेजर आई डी एस पी सुधीर प्रसाद सोनी, विभिन्न वार्ड की इंचार्ज, पैरामेडिकल छात्र छात्रा उपस्थित रहे।'

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए। कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे। उन्होंने सी एवं डी ग्रेड में रहने वाले विभागों को निर्देश दिया कि वे एक हफ्ते के भीतर ए ग्रेड में पहुँचने का प्रयास करें।**

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री निवास, आयुक्त शहडोल संभाग, जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार आयोग के पत्रों और फैक्ट न्यूज के आधार पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में दायित्व निर्वहन के निर्देश दिए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि कोई अधिकारी-कर्मचारी बिना पूर्व सूचना मुख्यालय न छोड़े। जिन छात्रावासों में अधीक्षक तीन वर्ष से अधिक समय से पदस्थ हैं, उनकी जानकारी भी सीईओ जिला पंचायत को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके।



असल सवाल यह है कि बीते कई महीनों से मानपुर जनपद की ग्राम पंचायतों में पंच परमेश्वर पोर्टल पर ब्लर बिल लगाए जाने की गंभीर शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज हैं। इसके बावजूद हर माह बैठकों में चाय-नाश्ता और कोरम पूर्ति के बाद वही सख्त निर्देश दोहराए जाते हैं कि 'लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए।' मगर हकीकत यह है कि समय-सीमा की बैठकों के बाद भी हेल्पलाइन की शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, ज्वाइंट कलेक्टर रीता डहेरिया, एसडीएम मानपुर टी.आर. नाग, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

## एटक छोड़कर राजकुमार शर्मा एचएमएस में हुए शामिल




**जमुना/बदरा।** जमुना कोतमा आज सायं 6 बजे संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय जमुना कोलियरी में श्रीकांत शुक्ला की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथियों जैसा कि आप सबको मालूम है कि एचएमएस संगठन की पारदर्शी नीति के कारण न सिर्फ़ कामगारों के हितो की लड़ाई लड़ी जाती है बल्कि साधारण सदस्य से लेकर अन्य सभी के मान सम्मान का पूरा ख्याल भी रखा जाता है और यही वजह है कि सभा के नीति, नियति और कार्य शैली से प्रभावित होकर अन्य संगठन के सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्य हमारे संगठन पर विश्वाश दिखाते हुए सभा परिवार के साथ समलित होते आए है। जमुना कोतमा क्षेत्र के सम्मानित श्रमिक साथियों यह बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि आज के कार्यक्रम में सम्मानित राजकुमार शर्मा जो एटक श्रमसंगठन में क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं संयुक्त सलाहकार समित के सदस्य के रूप में ज. को क्षेत्र में अपनी सफल भूमिका निभा चुके है। शुक्ला के उपस्थित में टीम सहित एच एम एस परिवार में समलित हुए राजकुमार शर्मा रवि भारती, एवं मनोज को क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला द्वारा सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीकांत तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री रमाशंकर तिवारी, एवं राजकुमार शर्मा द्वारा विचार रखे गए कार्यक्रम में उप महामंत्री कौशलाधीश द्विवेदी, श्रम कल्याण समित सदस्य रवि त्रिवेदी, पंकज चंद्रा, अध्यक्ष, नर्मदा शर्मा, सुरेंद्र द्विवेदी, कौशलेंद्र तिवारी, विवेक शुक्ला आदि सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। अंत में श्रीकांत शुक्ला द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## सरवरे क़ायनात रहमते दो आलम साफ़िये कामिल

#### हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का मनाया गया जन्मदिन

**हरिभूमि न्युज कोतमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा टीबी विभाग में सोमवार को सरवरे क़ायनात रहमते दोआलम साफ़िये कामिल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्मदिन अस्पताल के सभी स्टाफ द्वारा बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बारा रबी ओव्वल ही वह तारीख़ हैं जिस दिन पैगम्बर मोहम्मद साहब दुनिया मे तशरीफ़ लाएं। उनके आने से पूरी दुनिया में रोशनी व उजाला ही उजाला हो गया। इंसानियत फिर दे जिंदा हो गई। और अपने नूर से पूरी दुनियां को मुनव्वर कर दिया। खुदा ने कुरान में फरमाया हैं कि मैंने पैग़म्बर मोहम्मद साहब को दुनिया मे रहमत बनाकर भेजा है। मोहब्बत, इंसाफ और भाईचारे की तालीम दी। हजरत मोहम्मद साहब के पैदाइश से पहले सिर्फ अरब में ही नही पूरी दुनिया मे जहालत, बेहयाई, बेरहमी और जुल्म गुरुज पर था। बेटियों को पैदा होते ही जिंदा दफन कर दिया जाता था। गरीब और कमजोर लोगो पर तरह-तरह के जुल्म किए जाते थे। उन्होंने भाईचारगी, इंसाफ की तालीम दी। बेटियों को उनका हक दिया। पड़ोसियों से अच्छा सुलूक करने की सीख दी। ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाकर सबको बराबर होने का एहसास दिया। माँ-बाप की इज्ज़त करना सिखाया। इस दौरान कोतमा टीबी लैब-टेक्नीशियन मो. हनीफ़ खान द्वारा डीएमसी में आये मरीजो के साथ साथ एन आर सी व वार्ड में भर्ती मरीजों को भी फल व मिठाई का वितरण किया गया। उनके जल्द स्वस्थ होने के साथ ही टीबी मुक्त भारत के लिए भी दुआ की गई। कोतमा सीबीएमओ डॉ के एल दीवान डॉ बेबी नाज, डॉ संगीता प्रजापति, बीपीएम अजय सोनी, सोहराब अंसारी, कोतमा नोडल शिवकुमार नामदेव, ज्योति गुप्ता, पूनम सराफ, श्यामवती पेन्द्राम, फूलसिंह ओटी, सुशीला सिंह, नवरंग धनन्जय, मंजू केरकेट्टा, इशरत जहां, सीएचओ प्रियंका वर्मा, यामनी श्रीवास आदि लोगो की उपस्थिति खास रही।




### उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**उमरिया।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न हुई । मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने बताया कि नगरीय निकाय एवं पंचायत निकाय में वर्ष 2025 हेतु मतदाता सूची वार्षिक सूची पुनरीक्षण 25 अगस्त से 14 नवंबर तक पूर्ण किया जाना है , जिसका कार्यक्रम मप्र राज्य निर्वाचन आयोग व्दारा घोषित कर दिया गया है । इस दौरान मास्टर ट्रेनर व्दारा प्रारूप मतदाता सूची की तैयारी, मतदाताओ की जानकारी, नगर परिषद नौरोजाबाद में भवन परिवर्तन की जानकारी, एक ही गृह क्रमांक में 11 से अधिक मतदाता की स्थिति में नगरीय निकाय एवं विकासखंड में भौतिक सत्यापन, प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने, मतदाताओ की शिफ्टिंग और वेरीफिकेशन,जांच सूची, वेरीफिकेशन, मतदाताओ की शिफ्टिंग में विवाद होने पर निराकरण,दावा आपत्ति की प्रारंभिक तैयारियों, दावे आपत्ति प्राप्त करने, ई आर ओ के कार्य की जानकारी प्रदाय की गई ।

## जैन समाज ने की अभिषेक और शांति धारा पूजा

### नगर के मुख्य मार्ग से विमान जी का निकाला गया चल समारोह

**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** नगर में पर्वराज पर्यूषण पर्व दसलक्षण महापर्व के समापन के बाद सोमवार को जैन समाज के द्वारा 1008 भगवान महावीर दिगम्बर जैन मंदिर से बैंड बाजों के साथ नगर के मुख्य मार्ग से विमान जी का चल समारोह जुलूस बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ निकाल कर अभिषेक और शांति धारा पूजा की गई जैन समाज की महिलाओं के द्वारा घरों के सामने रंगोली भी सजाई गई थी। कांधों पर चांदी के विमान में महावीर स्वामी को नगर भ्रमण कराया गया, जिसका जैन समाज के लोगों ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। छोटे बच्चो के हाथों में धर्म पताकाएं फहराते हुए महावीर स्वामी का संदेश जियो ओर जीने दो का उदघोष सभी लोग कर रहे थे। वहीं, महिलाएं भी मंगल गीत गाती और महावीर स्वामी के संदेशों का वाचन करते हुए शामिल हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग जुलूस में शामिल थे। जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल पुलिस बल के साथ जुलूस में चल रहे थे।



## धान का पंजीयन 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक किया जाएगा

**उमरिया। उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज (ज्वार, बाजरा) उपार्जन के लिये कृषक पंजीयन का कार्य शासन द्वारा 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक नियत किया गया है।**

किसानो के लिए पंजीयन की निः शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत कार्यालयो में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, जनपद पंचायत कार्यालयो में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयो में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, सहकारी समितियो एवं सहकारी विपणन संस्थाओ द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रो पर की गई है । पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था हेतु एमपी ऑनलाईन कियोस्क पर, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क कर, लोक सेवा केन्द्र पर, निजी व्यक्तियो द्वारा संचालित साईबर कैफे पर इत्यादि जगहो पर सशुल्क पंजीयन किया जावेगा।पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था अंतर्गत 50 रूपये से अधिक का शुल्क नही लिया जावेगा। उमरिया जिले के किसान भाईयो से अपील की गई है कि जो समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज ( ज्वार, बाजरा) विक्रय करना चाहते है तो वे अपना पंजीयन निर्धारित तिथि तक अपने नजदीकी समिति के पंजीयन केन्द्र, ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय, एम0पी0 ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस केन्द्र कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यक्तियो द्वारा संचालित साईबर कैफे पर उपस्थित होकर करा सकते है अथवा स्वयं भी एम0पी0 किसान एप के माध्यम से कर सकते है। जो किसान पंजीयन नही करावेगे तो वह अपनी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय नही कर पायेंगे।किसान पंजीयन हेतु दर्ज भूमि के रकबे, बोई गई फसल एवं फसल की किस्म से संतुष्ट न होने पर किसान को उसमें संशोधन हेतु गिरदावरी में दावा आपत्ति करना होगा। दाबा आपत्ति के निराकरण होने एवं पोर्टल पर संशोधित जानकारी प्रदर्शित होने पर पंजीयन किया जा सकेगा। सभी किसानो से अपील की गई है कि अपना पंजीयन अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2025 के पूर्व करा ले, ताकि उन्हे समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

# शिक्षक ही बच्चों में संस्कार, अनुशासन और शिक्षा का समन्वय कर उन्हें राष्ट्र का सच्चा नागरिक बनाता है: सिन्हा

## ऐंताझर में सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया गया सम्मान

संभागीय मुख्यालय के समीप ग्राम ऐंताझर में ग्राम पंचायत ऐंताझर एवं जूनियर हाई स्कूल के द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत के सेवानिवृत्त शिक्षको का सम्मान समारोह किया गया।

शहडोल।





**इस अवसर पर गांव के सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज और शिक्षा जगत में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को याद करना और नई पीढ़ी को शिक्षकों के प्रति आदर एवं सम्मान की भावना जाग्रत करना था।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त आनंदराय सिन्हा उपस्थित रहे,उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है। शिक्षक ही बच्चों में संस्कार,अनुशासन और शिक्षा का समन्वय कर उन्हें राष्ट्र का सच्चा नागरिक बनाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा सिर्फ नौकरी पाने का साधन नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का आधार है, और इस कार्य में शिक्षक की भूमिका सर्वोपरि होती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत ऐंताझर के सरपंच मैकू बैगा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध भारतीय संस्कृति की आत्मा है। शिक्षक दिवस पर हमें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भी याद करना चाहिए, जिनके आदर्शों और विचारों से प्रेरणा लेकर शिक्षा जगत को नई दिशा दी जा सकती है।उन्होंने शिक्षकों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षक समाज की धुरी हैं। उनका परिश्रम ही गाँव से लेकर शहर तक शिक्षा की ज्योति प्रज्वलित करता है। इस अवसर पर जूनियर हाई स्कूल ऐंताझर के प्रधानाचार्य चांद सिंह पट्टावी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कि शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है, इसलिए समाज को उनका सदैव सम्मान करना चाहिए। समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षकों का विशेष रूप से सम्मान किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से रमेश श्रीवास्तव, हरीशंकर शुक्ला, अरुण श्रीवास्तव, गीता श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव,सूर्य प्रसाद शर्मा, सुरेश शुक्ला, राजेश कुमार गुप्ता,मिथलेश शुक्ला, नीलेश शुक्ला, हर्षनारायण शुक्ला सहित जूनियर हाई स्कूल में कार्यरत शिक्षकों गोवर्धन कुशवाहा, राजेन्द्र साहू,अर्जुन यादव सहित अन्य शिक्षको को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सभी का शाल, श्रीफल और पुष्पाहार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने सम्मान पाकर कहा कि यह पल उनके लिए अत्यंत भावुक और गर्व का क्षण है। उन्होंने नई पीढ़ी को शिक्षा और अनुशासन के मार्ग पर आगे बढ़ने का आशीर्वाद भी दिया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, छात्र-छात्राएँ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में शिक्षक गोवर्धन कुशवाहा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे, ताकि समाज में शिक्षकों के प्रति सम्मान की परंपरा लगातार जीवित रहे।

## खबर संक्षेप



### खेत में लगाया करेंट

**ब्यौहारी।** उत्तर वनमंडल ब्यौहारी के वन परिक्षेत्र पश्चिम के अंतर्गत बेडरा गांव में अज्ञात लोगों द्वारा गंगी बाई साकेत के खेत करंट लगाया गया इसकी शिकायत गंगी बाई के द्वारा रेंजर से की गई है थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है रिपोर्ट के बाद डायल 112 द्वारा जाकर की करंट को निकलवा दिया गया गनीमत यह रही की किसी जान माल की हानि नहीं हुई जंगली जानवरों के शिकार के लिए लगाए गए करंट से स्थानीय लोगों को खतरा हो सकता था वन विभाग के वीट प्रभारी निरंतर भ्रमण नहीं करते जिससे और भी वन क्षेत्र में शिकारी सक्रिय हो सकते हैं आवेदक ने वन विभाग से करंट लगाने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### गरीब किसान पर दबंगों का जानलेवा हमला

**बुढ़ार।** थाना क्षेत्र के मौहार टोला निवासी गरीब किसान मैकू कोल इन दिनों जान के भय से सहमे हुए हैं।



खेत की रखवाली करना उनके लिए जानलेवा साबित हो गया। आरोप है कि ठाकुर परिवार के दबंग युवकों पुष्पेंद्र सिंह और प्रियांशु सिंह ने खेत में घुसकर न केवल जातिगत गालियां दीं बल्कि टांगे और डंडों से प्राणघातक हमला भी कर दिया। हमले में उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। मैकू कोल ने बताया कि वह कमलेश शर्मा का खेत अधिया में लेकर खेती कर रहे हैं। खेत में धान की फसल लगी हुई है। इसी दौरान कमल सिंह राणा के छोड़े गए मवेशी बार-बार उनकी फसल नुकसान पहुंचा रहे थे। 4 सितंबर की दोपहर करीब 12 बजे जैसे ही मवेशी फसल चरने लगे, मैकू कोल उन्हें खदेड़ते हुए कांजी हाउस की ओर ले जाने लगे। इसी बीच आरोपी पुष्पेंद्र और उसका भाई प्रियांशु मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला बोल दिया। पीड़ित ने कहा कि जाते-जाते दोनों आरोपी धमकी दे गए कि आज तो बच गया, अगली बार जान से खत्म कर देंगे। मैकू कोल का दर्द यह है कि रिपोर्ट दर्ज कराने के कुछ ही घंटे बाद ही आरोपी पुलिस से छूटकर बाहर आ गए। उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा गरीब की फरियाद कौन सुने? क्या गरीब इंसान की जान की कोई कीमत नहीं? पुलिस ने पुष्पेंद्र सिंह और प्रियांशु सिंह के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(व्हीए) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बावजूद इसके पीड़ित की सुरक्षा की मांग अब तक अधूरी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना सिर्फ एक किसान पर हमला नहीं, बल्कि समाज के दबे-कुचले तबके पर अन्याय का ज्वलंत उदाहरण है। अगर समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो ऐसी घटनाओं से गरीब और कमजोर वर्ग में असुरक्षा की भावना और गहरी हो जाएगी।

# विभाग स्तरीय शिशु वाटिका पंचपदी शिक्षण कार्यशाला का समापन





बिरसिंहपुर पाली

विद्या भारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में आयोजित तीन दिवसीय विभाग स्तरीय शिशु वाटिका पंचपदी शिक्षण कार्यशाला का समापन आज दिनांक 8 सितंबर को हुआ समापन सत्र में मुख्य अतिथि डाक्टर टी0 पी0 सोनी जी , अध्यक्ष श्री रमाशंकर शिवहरे, विशिष्ट अतिथि श्री पुरूषोत्तम गुप्ता, विभाग शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती उत्तरा सिंह दीदी , संस्था प्राचार्य श्री जानकी प्रसाद गौतम एवं कार्यशाला की दीदियों की गरिमामयी उपस्थिति रही समापन में तीनों जिला के प्रतिनिधि रुप में दीदियों ने अपना अनुभव कथन बताए, मुख्य अतिथि का पाथेय प्राप्त हुआ, अध्यक्ष श्री रमाशंकर शिवहरे का आशिर्वचन प्राप्त हुआ, श्रीमती उत्तरा सिंह दीदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री नंदराम शर्मा जी (व्याख्याता) ने किया ।

# समधिन रोपणी में हुआ फर्जीवाड़ा लाखों के वाउचर फर्जी भरे गये



**ब्यौहारी।** सामाजिक वानिकी रोपणी समधिन ब्यौहारी में बड़ी संख्या में लाखों के फर्जी वाउचर भर कर भुगतान निकाल लिया गया है जबकि वास्तविक मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल रही है कई मजदूरों ने रेंजर पर मजदूरी नहीं देने की रोपणी में काम करने वाली रन्नू बाई पति रामराज कोल ने बताया कि मेरा 20000 मजदूरी का बकाया है मेरे द्वारा बार-बार मांग की गई मजदूरी नहीं देने पर सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी की गई है कि इसके बाद भी शिकायत का निराकरण नहीं किया जा रहा है चंद्रमणी पांडे प्रभारी रोहणी रेंजर आनंद मणि त्रिपाठी द्वारा मेरे साथ अभद्रता की भी कोशिश की गई शिकायतकर्ता ने रीवा संभाग के कमिश्नर एवं चीफ कंजरवेटर से मजदूरी दिलाए जानेजं की मांग की और जो फर्जी भरने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



## विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में शिक्षक दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विभाग के छात्र-छात्राओं ने अपने प्राध्यापकों को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह और अभिनंदन-पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कक्षाओं के वातावरण में आत्मीयता और गुरु-शिष्य परंपरा का जीवंत दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ। इसके पश्चात छात्रों ने क्रमशः अपने विचार रखते हुए शिक्षकों के योगदान को याद किया। वीरेंद्र कुर्मी ने कहा कि शिक्षक ही वह आधार हैं जिनसे समाज की वास्तविक दिशा तय होती है। आयुष ने शिक्षक दिवस को प्रेरणा दिवस बताते हुए कहा कि छात्र-जीवन की सबसे बड़ी पूंजी गुरु का मार्गदर्शन है। वहीं मंजुला तिवारी ने भावुक स्वर में कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के वास्तविक नायक हैं, जिनकी शिक्षा हमें कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढने की शक्ति देती है। इस अवसर पर डॉ. दिलीप तिवारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षक और छात्र का रिश्ता केवल औपचारिक नहीं बल्कि जीवनपरक होता है, जो जीवन भर साथ चलता है। डॉ. लोकेश साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी ऊँचा स्थान दिया गया है, इसलिए यह परंपरा हमारी धरोहर है। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. गंगाधर ढोके ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शिक्षक दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि यह दिन हमें अपने उत्तरदायित्वों की याद दिलाता है। शिक्षक को सदैव स्वयं को अद्यतन बनाए रखते हुए छात्रों के जीवन को संवारना चाहिए। उन्होंने छात्रों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन विभाग के छात्रों ने किया। समापन पर सभी ने मिलकर शिक्षकों के प्रति गहरी कृतज्ञता और आभार व्यक्त किया।

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

शहडोल।




जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं म.प्र. शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन और जिला नोडल अधिकारी श्रीमती सौम्या आनंद के नेतृत्व में जनपद पंचायत गोहपारू में आदि कर्मयोगी अभियान* के बीएमटी की डीपीएस लैब के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 से 9 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय विकास, सुशासन तथा स्थानीय निकायों को सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों—स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, एनआरएलएम सहित कुल 70 अधिकारी-कर्मचारी भाग ले रहे हैं।

### मुख्य अतिथि का संबोधन

प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि एवं विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण अधिकारियों को ग्राम स्तर पर योजनाओं की बेहतर समझ, क्रियान्वयन और निगरानी की नई दिशा देगा। इससे ग्राम पंचायतों में सुशासन का सपना साकार होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सुश्री काजोल सिंह एसडीओ ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी का एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि हर गांव समृद्ध, आत्मनिर्भर और सुशासन का आदर्श बने।

विशिष्ट अतिथि सुधीर प्रताप सिंह ने कहा कि आदि कर्मयोगी योजना का उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति और परिवार को विकास की मुख्यधारा से जोडऩा है।

ब्लॉक नोडल अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम जनजातीय सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा बल्कि ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर और प्रगतिशील भी बनेंगी।

### प्रशिक्षण गतिविधियां और संचालन

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रशिक्षक नीरज गुप्ता ने किया, वहीं स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन मनोज कुमार मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिला प्रशिक्षक शिव कुमार तिवारी और ब्लॉक प्रशिक्षक डॉ. यू.बी. सिंह, नीरज गुप्ता, नरेंद्र बॉथम, राजेश मिश्रा ने विभिन्न गतिविधियों और समूह अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों को योजनाओं के व्यावहारिक क्रियान्वयन का प्रशिक्षण दिया।

# विश्वविद्याल के छात्रों ने कुलपति के नाम सौंपा ज्ञापन



शहडोल।

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुपम गौतम के मार्गदर्शन पर युवा कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष सुहैल आलम के नेतृत्व में विश्वविद्याल के सैकड़ो की संख्या में छात्रों ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि अधिकांश छात्र-छात्राएं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। परिवहन सुविधा की कमी के कारण उन्हें समय पर कक्षाओं तक पहुँचना मुश्किल होता है। प्राइवेट वाहन महंगे होने से छात्रों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ जाता है। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा बस सुविधा उपलब्ध कराई जाए तो विद्यार्थियों की उपस्थिति और पढ़ाई दोनों में सुधार होगा। विश्वविद्यालय की छात्राओं के लिए सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन की व्यवस्था नितांत आवश्यक है। इससे छात्राओं को आपात स्थिति में सुविधा मिलेगी और उन्हें बार-बार कक्षाएँ छोडक़र बाहर जाने की परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। यह कदम स्वच्छता, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा निर्णय होगा।

विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम से जुड़े विषयों की गहरी समझ और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए फ़ाउंडेशन क्लास का होना बेहद महत्वपूर्ण है। अभी तक इन कक्षाओं की तिथि घोषित नहीं हुई है, जिससे विद्यार्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हम आग्रह करते हैं कि शीघ्र ही इनकी तिथि घोषित कर इन्हें प्रारंभ किया जाए। विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कई होस्टल लंबे समय से बंद पड़े हैं। दूर-दराज़ से आने वाले छात्रों के लिए यह एक गंभीर समस्या है क्योंकि उन्हें निजी मकानों या लॉज में रहना पड़ता है, जहाँ न केवल अधिक खर्च उठाना पड़ता है बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरा बना रहता है। बंद पड़े होस्टलों को तुरंत खोला जाए और विद्यार्थियों के रहने की सुविधा सुनिश्चित की जाए। वर्तमान में पार्किंग की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। इससे आए दिन छात्रों और स्टाफ को परेशानी होती है। व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा से अव्यवस्था खत्म होगी। परिसर की स्वच्छता- विश्वविद्यालय के कई हिस्सों में गंदगी और कचरे का जमाव देखने को मिलता है। नियमित सफाई और रख-रखाव से परिसर का वातावरण स्वस्थ और शिक्षण योग्य बन सकेगा। परिसर में स्थित गार्डन और अन्य सार्वजनिक स्थान जर्जर स्थिति में हैं। यदि इनका सुधार किया जाए तो विद्यार्थियों को एक बेहतर शैक्षणिक और सांस्कृतिक वातावरण मिलेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से बस की समस्या में सुधार एवं 10 दिवस के अंदर सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाने का आश्वासन दिया वह सभी मुद्दों में तत्काल प्रभाव से सुधार किया जाने का आदेश दिया है। ज्ञापन में मुख्य रूप से (छात्र नेता) ऋषभ ठाकुर , राज मिश्रा, कृष्णा यादव, अनिरुद्ध उपाध्याय, आदर्श द्विवेदी, आदित्य सिंह, रवि गुप्ता, सैफ खान, प्रिंस साहू, अजित यादव, धनराज पटेल, हेमंत जोगी, कृष्णा गुप्ता, मोहम्मद अयन खान, अविनाश कोल, ओम मेहरा,संजना गुप्ता, संजीता,शिवू गुप्ता, आरती राठौड़, पृथ्वी राठौड़, मोनी टंडिया एवं सैकड़ो की संख्याओं में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।





# अवैध रेत परिवहन पर लगातार शिकंजा, लाखों का माल जब्त

शहडोल।

जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर पुलिस ने एक के बाद एक बड़ी कार्रवाई कर माफियाओं में खलबली मचा दी है। बीते 7 सितम्बर 2025 को शहडोल के बुढ़ार और जयसिंहनगर थाना पुलिस तथा सीधी थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्यवाही करते हुए लाखों रुपए की रेत और वाहन जब्त कर आरोपियों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया।

### बुढ़ार पुलिस ने पकड़ा 15 लाख की अवैध रेत

थाना बुढ़ार क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम जरवाही से एक लाल-पीले रंग की डग्गी अवैध रेत लेकर पकरिया की ओर जा रही है। सूचना पर घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। जांच में वाहन में रेत भरी पाई गई। चालक की पहचान कन्हैया ढीमर के रूप में हुई, जो कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने कबूला कि यह परिवहन केशव यादव के कहने पर किया जा रहा था। पुलिस ने करीब 15 लाख 8 हजार रुपए की रेत और वाहन जप्त कर मामला दर्ज किया। कार्रवाई थाना प्रभारी संजय जायसवाल के नेतृत्व में की गई।

### जयसिंहनगर में विसर्जन ड्यूटी के दौरान कार्रवाई

इसी दिन गणेश विसर्जन ड्यूटी के दौरान जयसिंहनगर पुलिस को सूचना मिली कि हलफर नदी से ट्रैक्टर में रेत भरी जा रही है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली रोकी गई। वाहन चालक आकाश बैगा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने मौके से करीब 1 घन मीटर रेत और 4 लाख मूल्य का ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त कर खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

### सीधी पुलिस ने दरैन नाला से ट्रैक्टर पकड़ा

सीधी थाना पुलिस ने भी मुखबिर सूचना पर दरैन नाला से रेत भरकर कस्बा की ओर आ रहे एक लाल रंग के ट्रैक्टर को रोका। वाहन को रघुवीर सिंह चला रहा था, जो मालिक अमर सिंह के कहने पर रेत लेकर आ रहा था। कोई वैध परमिट या दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित रेत जब्त कर दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। तीनों कार्रवाइयों में पुलिस ने अवैध रेत और वाहन मिलाकर लाखों रुपए का माल जब्त किया है। अधिकारियों का कहना है कि खनिज माफियाओं के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**खबर संक्षेप**

### एक पखवाड़े से बंद पड़ा बोरवेल




**अनूपपुर।** तहसील कार्यालय अनूपपुर मे लगा बोरवेल 15 दिनों से बंद पड़ा है, जिससे अधिवक्ता व यहां आने वाले पक्षकार तथा आम जनता पीने के पानी के लिए इधर उधर भटकते रहती है, लेकिन बिगड़े बोरवेल को बनवाने जिम्मेदारों ने अभी तक सुध नही ली है जबकि बोरवेल को बिगड़े एक पखवाड़ा बीत चुका है। बता दें कि यहां तहसीलदार समेत अन्य बड़े अधिकारियों का कार्यालय होने के साथ साथ आना जाना लगा रहता है, लेकिन आम जनता की परेशानियों से उन्हे कोई सरोकार नही है। वही नगर पालिका ने भी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है तभी बंद पड़े बोरवेल 15 दिन बाद भी जस के तस उसी स्थिति में है।

### भाजपा जिला कार्यालय में जिला कार्यशाला आज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व में आगामी कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है। अनूपपुर जिला भाजपा कार्यालय में दिनांक 9 सितंबर को दोपहर 12:00 बजे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी अनूपपुर मिथिलेश पयासी एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में कार्यशाला सुनिश्चित किया गया है। भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री जितेंद्र सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा का कार्यशाला बैठक 9 सितंबर दोपहर 12:00 बजे होना सुनिश्चित किया गया है। बैठक कार्यशाला में अपेक्षित सांसद, मंत्री एवं विधायक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, सभी मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष एवं महामंत्री, सभी मोर्चों के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री, सभी प्रकोष्ठो के जिला संयोजक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, नगर पालिका नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि कार्याशाला बैठक में उपस्थित रहेंगे।

# ब्लड मून से आसमान हुआ लाल
# मां नर्मदा के पवित्र तट पर पहुंचे



### जिला समेत देश भर में दिखा 'ब्लड मून' का अद्भुत नजारा! अब साल 2028 में 31 दिसंबर को होगा दीदार

चंद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है, जिससे उसकी छाया चंद्र सतह पर पड़ती है। सूर्य ग्रहण के विपरीत पूर्ण चंद्र ग्रहण को देखने के लिए विशेष उपकरण की आवश्यकता नहीं होती।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अनूपपुर समेत पूरे देश के लोगों की निगाहें रविवार को दुर्लभ पूर्ण चंद्र ग्रहण देखने के लिए आसमान की ओर टिकी रहीं। रविवार रात 9:57 बजे पृथ्वी की छाया ने चंद्रमा को ढकना शुरू कर दिया था। हालांकि देश के कुछ हिस्सों में मानसूनी बारिश के बीच चंद्रमा बादलों से घिरे आसमान में लुका-छिपी खेलता नजर आया। रविवार रात 11:01 बजे पृथ्वी की छाया ने चंद्रमा को पूरी तरह से ढक लिया, जिससे चंद्रमा का रंग तांबे जैसा लाल हो गया और पूर्ण चंद्रग्रहण का दुर्लभ नजारा देखने को मिला।

#### अगला पूर्ण चंद्रग्रहण 2028 मे


भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान के विज्ञान, संचार, जन संपर्क एवं शिक्षा (स्कोप) अनुभाग प्रमुख के अनुसार चंद्रमा पर पूर्ण ग्रहण रात 11.01 बजे से रात 12.23 बजे के बीच 82 मिनट तक रहा। हालांकि साल का आखिरी पूर्ण चंद्र ग्रहण खत्म हो चुका है। यह चंद्र ग्रहण 3 घंटे 28 मिनट चला। अब 21 सितंबर को अमावस्या तिथि पर साल 2025 का आखिरी सूर्य ग्रहण लगेगा वही अगला पूर्ण चंद्रग्रहण देश में 31 दिसंबर 2028 को दिखाई देगा। इस खगोलीय घटना को लेकर लोगों में उत्साह और आध्यात्मिक श्रद्धा का माहौल देखा गया। जानकारी के मुताबिक चंद्रग्रहण के दौरान चंद्रमा लाल दिखाई देता है, क्योंकि उस तक पहुंचने वाला सूर्य का प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल से परावर्तित होकर फैल जाता है। कई लोगों ने दूरबीनों को चंद्रमा की ओर मोड़ दिया और पूर्ण चंद्रग्रहण की प्रक्रिया को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सीधे प्रसारित किया वही ग्रहण के दौरान कई लोग अपने कैमरों के जरिए इस घटना को कैद करने में जुटे रहे।

#### सबसे लंबा पूर्ण चंद्रग्रहण

रविवार का ग्रहण 2022 के बाद से भारत में दिखाई देने वाला सबसे लंबा पूर्ण चंद्रग्रहण था। यह 27 जुलाई 2018 के बाद से देश के सभी हिस्सों से देखा जाने वाला पहला चंद्रग्रहण था। अगला पूर्ण चंद्रग्रहण देश में 31 दिसंबर 2028 को दिखाई देगा। ग्रहण दुर्लभ होते हैं और हर पूर्णिमा या अमावस्या को नहीं होते, क्योंकि चंद्रमा की कक्षा सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की कक्षा से लगभग पांच डिग्री झुकी हुई है।

#### चंद्र ग्रहण एक खगोलीय घटना

चंद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है, जिससे उसकी छाया चंद्र सतह पर पड़ती है। सूर्य ग्रहण के विपरीत, पूर्ण चंद्र ग्रहण को देखने के लिए विशेष उपकरण की आवश्यकता नहीं होती। खगोलविदों का कहना है कि चंद्र ग्रहण केवल एक खगोलीय घटना है, जिसे आर्यभट्ट के समय से बहुत पहले ही समझ लिया गया था। खगोलविदों के अनुसार इससे 'लोगों या जानवरों को कोई खतरा नहीं है'। दुर्भाग्य से, कुछ अवैज्ञानिक मान्यताओं के कारण पिछले ग्रहणों के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं, जिन्हें देखते हुए विज्ञान के प्रति जागरूकता की आवश्यकता का पता चलता है।



#### नर्मदा तट पर पहुंचे श्रद्धालु

सदी की सबसे बड़ी खगोलीय घटनाओं में गिने जा रहे चंद्र ग्रहण ब्लड मून का रोमांचक दृश्य अमरकंटक में देखा गया। देर रात लगभग 12 बजे बड़ा मलहरा क्षेत्र से इसे मोबाइल कैमरे में कैद किया गया। लालिमा लिए चंद्रमा का यह अद्भुत नजारा देखकर लोगों के दिल और दिमाग रोमांच से भर गए। धार्मिक नगरी अमरकंटक में चंद्रग्रहण के दौरान घाट पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। श्रद्धालु मां नर्मदा के पवित्र तट पर स्नान और पूजा-अर्चना करने पहुंचे।

## पवित्र नगरी अमरकंटक में क्षमा का दिव्य संदेश
## पर्यूषण पर्व के समापन पर निकाली गई आदिनाथ भगवान की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

नर्मदा के पावन उद्गम स्थल, देवत्व और साधना की भूमि अमरकंटक सोमवार को क्षमा, करुणा और मैत्री के दिव्य भाव से अभिभूत हो उठा। दिगंबर जैन समाज के दशलक्षणा पर्यूषण पर्व के समापन अवसर पर आदिनाथ भगवान की भव्य शोभायात्रा नगर की गलियों से गुजरी, तो सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक माधुर्य से गुंजायमान हो उठा। सुबह की सुनहरी किरणों के साथ दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान आरंभ हुए। प्रातः 8 बजे भगवान आदिनाथ का अभिषेक संपन्न हुआ। 8:30 बजे शांति धारा का आयोजन हुआ। 10 बजे क्षमावाणी सभा में जैन समाज ने क्षमा, करुणा और मैत्री के संदेश को आत्मसात किया। सभा में उपस्थित समाज जनों ने हाथ जोड़कर एक-दूसरे से क्षमा याचना की और जीवन में सद्भाव व अहिंसा का संकल्प लिया।

#### शोभायात्रा का भव्य रूप

दोपहर 1 बजे जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र से निकली शोभायात्रा मानो एक चलायमान मंदिर प्रतीत हो रही थी। रथनुमा वाहन पर मंदिर प्रतिकृति में विराजमान भगवान आदिनाथ की प्रतिमा, चारों ओर सजावट, और आगे-आगे धर्म ध्वज लिए श्रद्धालु दृ यह दृश्य भक्तिरस से ओतप्रोत कर देने वाला था। ढोल-नगाड़ों की गूंज, बैंड-बाजों की ध्वनि और भजन-कीर्तन की लहरियों ने नगर के कोने-कोने में धार्मिक उल्लास बिखेर दिया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में मंगलगीत गाती चल रही थीं, वहीं पुरुष भक्तजन नृत्य करते हुए भगवान के चरणों में अपनी भक्ति अर्पित कर रहे थे। नगर भ्रमण करते हुए यह भव्य शोभायात्रा 3:30 बजे पुनः जैन मंदिर परिसर में संपन्न हुई।



#### संध्या का आध्यात्मिक उल्लास

रात्रि 8 बजे संगीतमय आरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु दीपों की ज्योति के साथ भगवान की महिमा गा रहे थे। आरती उपरांत क्षमावाणी का आयोजन हुआ, जहाँ भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर अनूपपुर भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, पार्षद रोशन पनारिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता समाज के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र समिति अमरकंटक के व्यवस्थापक लक्ष्मी नारायण जैन ने सफल आयोजन के लिए समस्त श्रद्धालुओं व समाज जनों का हदय से आभार व्यक्त किया। समाजसेवी सुनील जैन, बाबा देवेंद्र जैन, निलेश जैन, महेश जैन, राकेश जैन, सुशील जैन, मनोज जैन सोनू जैन आदि प्रमुख लोगों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाकर आयोजन को भव्य सफलता प्रदान की। कार्यक्रम में नगर के पत्रकार धनंजय तिवारी श्रवण उपाध्याय विपुल बर्मन आज शामिल एवं उपस्थित रहे। क्षमा जीवन का आभूषण है, क्षमा से ही वैर मिटते हैं, करुणा पनपती है और मैत्री का दीप प्रज्वलित होता है। अमरकंटक की यह पुण्यभूमि आज इसी क्षमा के भाव से गुंजायमान हुई।

## कार से कर रहे थे बकरी चोरी, चोरी के पहले की धराये बकरी चोर



हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।

निरीक्षक वीरेन्द्र वरकडे थाना प्रभारी करनपठार नेतृत्व में चौकी प्रभारी सरई उप निरी. मंगला प्रसाद दुबे के हमराह प्रआर. राम प्रसाद सिंह, आर. भानू प्रताप सिंह, साहब सौर, विनोद कुमार के द्वारा फरियादी - ईश्वर यादव पिता उमा प्रसाद यादव उम्र 45 वर्ष निवासी पथखई थाना सिंघपुर जिला शहडोल ने चौकी सरई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 सितंबर को सुबह 8 बजे अपने साथी लखन सिंह के साथ 20 नग बकरी, बकरा के चराने के लिये ग्राम अहिरगंवा के जंगल तरफ ले कर गया था जहां बकरे जंगल में घुसकर चर रहे थे तबबकरे की आवाज सुनाई दी तब मैं तथा मेरे साथी लखन सिंह दौडकर जाकर देखे तो मेरे 20 बकरी, बकरा मे से 13 नग ही थे 02 बकरा तथा 05 बकरी नही थे हम लोग दोनो जंगल मे ढूंढे पता तलाश किये कोई पता नही चला। मुझे लगा कि कोई अज्ञात चोर मेरी बकरी, बकरा 07 नग कीमती करीबन 50,000 रू, का चोरी कर ले गया है। सुबह 09-10 बजे के बीच अहिरगंवा के आस पास एक सफेद रंग के कार जिसका नम्बर एमपी 18 सी 8278 में कुछ लोग बैठकर बार बार आना जाना कर रहे थे। शक है कि उक्त कार वाले ही मेरी बकरी बकरा चोरी कर ले गये होंगे। उक्त रिपोर्ट पर चौकी सरई में अपराध धारा सदर 303(2), 3(5) बी. एन. एस. का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी सिराज खान पिता मिराज खान उम्र 42 वर्ष पुलिस लाईन शहडोल, अफजल अंसारी पिता फरीद अंसारी उम्र 21 वर्ष पुरानी बस्ती शहडोल, सलमान साह पिता सलीम साह उम्र 32 वर्ष वार्ड नं. 27 शहडोल, संतोष ठाकुर पिता शारदा प्रसाद ठाकुर उम्र 37 वर्ष हास्पिटल के पास शङडोल के कब्जे से कार कीमती करीबन 500000रू. एवं बकरी कीमती 50000 रू. की आरोपियों के कब्जे जप्त किया जाकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## आयोजित की गई मानकीकरण समिति की बैठक
# एसईसीएल कर्मियों को इस बार 1 लाख रुपए बोनस की उम्मीद

### बैठक में चर्चा के बाद बोनस निर्धारण को लेकर लगेगी

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

कोल इंडिया एवं उनके अनुषंगी कंपनियों में बोनस भुगतान को लेकर उत्सुकता बढ़ने लगी है। 22 सितंबर को नवरात्र शुरू हो रहा है। बोनस पर निर्णय के लिए इसी दिन दिल्ली में कोल इंडिया मानकीकरण समिति की बैठक होगी। बोनस की बैठक की तिथि पहले से 23 सितंबर तय थी। कर्मचारी परफॉर्मेंस लिंक्डरिवार्ड के रूप में 1 लाख रूपये से अधिक का बोनस मिलने की आशा कर रहे हैं। पिछले एक दशक में कोल इंडिया में बोनस भुगतान के ट्रेंड पर नजर डालें तो हर साल औसतन पांच हजार रुपए से अधिक की वृद्धि हुई है। पिछले साल कोयला कर्मियों को 93 हजार 750 रुपए बोनस मिला था। यानी इस साल औसत वृद्धि होने पर भी 98 हजार से अधिक बोनस भुगतान संभव है। ट्रेड यूनियन नेताओं ने कहा कि इस बार कोलकर्मियों को दुर्गा पूजा के अवसर पर मिलने वाला सालाना बोनस पिछले साल की तुलना में ज्यादा मिलना तय है। मालूम हो कि हर साल बोनस का फैसला जेबीसीसीआई मानकीकरण समिति की बैठक में ही होता आया है। जेबीसीसीआई मानकीकरण समिति की बैठक 22 सितंबर को दिल्ली में कोल इंडियाप्रबंधन ने रखी है, इस बैठक में बोनस पर मुहर लगनी तय है। एसईसीएल में कार्यरत कर्मचारियों के बीच इस समय त्योहारी बोनस को लेकर उत्साह और चर्चा जोरों पर है। कोल इंडिया लिमिटेड और इसकी सहायक कंपनियों में कार्यरत लगभग 2.2 लाख कर्मचारी इस बार दुर्गा पूजा और दशहरा सेपहले परफॉर्मेंस लिंक्ड रिवार्ड के रूप में 1 लाख रूपये से अधिक बोनस की उम्मीद कर रहे हैं। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोल इंडिया ने 37 हजार 369 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था, जो बोनस की राशि बढ़ाने की मांग को मजबूती प्रदान करता है। यूनियन नेताओं और कर्मचारियों का मानना है कि कंपनी के इस शानदार प्रदर्शन को देखते हुए इस बार बोनस की राशि में उल्लेखनीय वृद्धि होनी चाहिए।

#### कोयला कर्मचारियों में बढ़ा उत्साह

हर साल की तरह इस बार भी एसईसीएल के कर्मचारी दुर्गा पूजा से पहले बोनस की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कोल इंडिया और इसकी सहायक कंपनियां एसईसीएल, ईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, डब्ल्यूसीएल, एमसीएल, एनसीएल, एनईसी और सीएमपीडीआई में कार्यरत लगभग 2 लाख 20 हजार कर्मचारियों के लिए यह बोनस न केवल आर्थिक सहायता है, बल्कि त्योहारी मौसम में उनकी खुशियों को दोगुना करने का जरिया भी है।

#### बीते वर्ष मिला था 93 हजार 750 रुपए बोनस

पिछले साल 2024 में कंपनी ने कर्मचारियों को 93 हजार 750 रुपये का बोनस प्रदान किया था, जो 2023 के 85 हजार 500 रूपये की तुलना में 8 हजार 250 रुपये अधिक था। इस बार कर्मचारी और यूनियने उम्मीद कर रही हैं, कि बोनस की राशि 1 लाख रूपये से अधिक होगी। कुछ यूनियन नेताओं ने तो 15 लाख रूपये तक की मांग रखी है। हालांकि प्रबंधन और यूनियनों के बीच अंतिम राशि पर सहमति बैठक में ही तय होगी।

#### एकजुट होकर मांग को मजबूती

श्रमिक संगठनों ने इस बार एकजुट होकर प्रबंधन पर दबाव बनाने की रणनीति बनाई है। यूनियन नेताओं का कहना है, कि संस्था का रिकॉर्ड मुनाफा और कोयला उत्पादन में वृद्धि (2023-24 में 773.53 मिलियन टन) कर्मचारियों को बेहतर बोनस देने का आधार प्रदान करता है। कोल इंडिया कि मध्यप्रदेश में संचालित साउथ ईस्टर्न कोल फिल्ड् लिमिटेड के शहडोल संभाग के सोहागपुर क्षेत्र, जोहिला क्षेत्र, जमुना कोतमा क्षेत्र, हसदेव क्षेत्र में कर्मचारियों ने इस बार पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अधिक बोनस मिलने की उम्मीद रखी है।

## शराब तस्करी के मामले में कोतमा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी
# लग्जरी वाहन ने उगले 17 लाख के शराब

### 28 पेटी मे 289 लीटर अंग्रेजी शराब से भरी सफारी कार जप्त

हरिभूमि न्यूज कोतमा।



पुलिस ने रविवार की रात को शराब तस्करी करते बड़ी कार्यवाही करते हुए 28 पेटी 289 लीटर अंग्रेजी शराब से भरी सफारी कार क्रमांक एमपी 09 को पकड़ा है। शराब और वाहन सहित पुलिस ने कुल 17 लाख रुपये की शराब जप्त किया है। कार्यवाही से क्षेत्र भर के शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। फिल्मी स्टाइल में तस्करों द्वारा वाहन ना रोकते हुए पुलिस को चकमा देने का प्रयास किया। पुलिस की गाड़ी ने पीछा कर लहसुई होते हुए रेलवे लाइन किनारे कच्चे रास्ते में फंसे लग्ज़री वाहन को पकड़कर कार्यवाही की गई है। 8 सितंबर को थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ला को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक कत्थे रंग की टाटा सफारी गाड़ी में बुढार तरफ से भारी मात्रा में अवैध शराब लाई जा रही है। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल थाना प्रभारी निरी. रत्नाम्बर शुक्ल द्वारा अलग-अलग पुलिस टीमें गठित कर नाकाबन्दी की गई। रात करीब 12.20 बजे एक कत्थे रंग की टाटा सफारी गाड़ी काफी तेज रफ्तार से फुनगा तरफ से आते हुई दिखी जो सिंह ढाबा के पास पुलिस द्वारा रोकने पर नही रूकी जो उक्त वाहन का पीछा करने पर ड्राइवर द्वारा उक्त वाहन को बड़ी तेजी से चलाते हुए शुक्ला ढाबा से हाइवे से अंदर मोड़ कर लहसुई कैम्प स्टेडियम के पास से आयुष्मान आरोग्य केन्द के पास रेलवे पटरी के किनारे कच्चे रास्ते से ड्रायवर द्वारा गाड़ी को घुसेड दिया तथा गाड़ी में चाबी लगी हुई छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर झाड़ियों के बीच से भागते हुए चालक फरार हो गया। टाटा सफारी गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी क्र0 एमपी 09 सीटी 2995 में पीछे व बीच वाली सीट में खाकी रंग के कार्टूनों मे कुल 28 पेटी अंग्रेजी शराब जिन्हे बाहर निकाल कर अलग- अलग मुआयना किया गया। 28 पेटियों में अवैध शराब कुल 289.2 लीटर जो कीमती कुल 175064 की एवं एक कत्थे रंग की टाटा सफारी जिस पर अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा था जिसे मौके से जप्त किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत करीबन 1200000 लाख रुपए है। फरार चालक के विरूध्द आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया है। शीघ्र फरार आरोपी चालक तथा शराब परिवहन कराने वाले आरोपियों की पता तलाश कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जावेगी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल के साथ उपनिरीक्षक अकबर खान, सहायक उपनिरीक्षक गोविन्द प्रजापति, प्रधान आरक्षक रामपाल पटेल, संजीव त्रिपाठी, आरक्षक राकेश सिंह, मनोज उपाध्याय, अभय त्रिपाठी, महेश साहू की मुख्य भूमिका रही।

# कलेक्टर ने आर्थिक सहायता के आहरण की दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सड़क दुर्घटना में जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम बेलियाछोट निवासी राहुल कुमार केवट, अनूपपुर जनपद पंचायत के ग्राम छोहरी निवासी पुष्पेन्द्र घसिया, कोतमा जनपद पंचायत के ग्राम उरतान निवासी अमृतलाल चर्मकार, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम बेलियाछोट निवासी सौरभ प्रधान तथा जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम बेलियाछोट निवासी शुभम चौधरी की मृत्यु होने पर मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।